हरिभूमि | रोहतक, रविवार, 27 मार्च 2011

सोनीपत भूमि

▶▶झज्जर ▶▶रोहतक ▶▶दिल्ली

दो लाख रोगियों का कराया उपचार 14 ▶

शिविरों के माध्यम से कराया दो लाख रोगियों का उपचार

सोनीपत। चौपाल कम्यूनिटी हैल्थ सैंटर द्वारा 4 सालों में न केवल फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन करवाया गया बल्कि हरियाणा, दिल्ली, एनसीआर क्षेत्र में 2 लाख से अधिक मरीजों का इलाज भी किया गया है। अपितु 400 से अधिक गांवों के ग्रामीणों को स्वस्थ जीवन का महत्व समझाया। ये बातें शनिवार को चौंपाल संस्था के संस्थापक डा.राजेन्द्र सिंह टोंक ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। डा.टोंक ने बताया कि हमारे देश की 75 प्रतिशत से अधिक आबादी गांवों में बसती है, इसलिए चौपाल संस्था ग्रांमीण क्षेत्र में सक्रीय है। संस्था के अंतर्गत ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य चिकित्सा की जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अर्थात व्यक्तिगत स्वच्छता संतुलित आहार एवं नवजात शिशुओं का टीकाकरण ऐसी महत्वपूर्ण जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि

संस्था द्वारा लगाए गए कैंपों के दौरान आधुनिक उपकरणों द्वारा मरीजों का अल्ट्रासाऊंड, ईसीजी एवं खून की जांच, श्वास क्रिया की जांच एवं कानों की जांच की जाती है। संस्था द्वारा जरूरतमंद रोगियों को नजर के चश्मे व कानों की मशीन भी मुफ्त वितरित की जाती है। इस मौके पर उनके साथ मोनिका पुरी, मेघा सिंह, अशोक सरोहा, बिजेन्द्र, अशोक, नरेन्द्र व संदीप आदि सदस्य मौजूद थे।